SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB ALP CBT – 2, RPF Exam और Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 05/03/2019

Q1. लॉजिस्टिक सेवा प्रदान करने के लिए किस कंपनी ने ग्रैब और सॉफ्टवेयर कंपनी सी-स्क्वेयर इंफो सॉल्यूशंस को खरीदने का करार किया है?

क. टीसीएस

ख. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड

ग. विप्रो

घ. कोटक महिंद्रा बैंक

मुकेश अम्बानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने लॉजिस्टिक सेवा प्रदान करने के लिए ने ग्रैब और सॉफ्टवेयर कंपनी सी-स्क्वेयर इंफो सॉल्यूशंस को खरीदने का करार किया है. यह डील 106 करोड़ रुपये की होगी.

SarkariExam.Com

Q2. डीआरडीओ के चेयरमैन जी सतीश रेड्डी को उनके उल्लेखनीय काम के लिए किस पुरस्कार से नवाजा गया है?

क. शांति पुरस्कार

ख. पदम् विभूषण पुरस्कार

ग. पदम् श्री पुरस्कार

घ. प्रतिष्ठित मिसाइल सिस्टम पुरस्कार

रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) के चेयरमैन जी सतीश रेड्डी को उनके उल्लेखनीय काम के लिए प्रतिष्ठित मिसाइल सिस्टम पुरस्कार से नवाजा गया है. उन्हें यह पुरस्कार अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ एयरोनॉटिक्स और एस्ट्रोनॉटिक्स ने दिया है.

Q3. डेन कोलोव-निकोला पेट्रोव इंटरनेशनल मीट में भारतीय महिला रेसलर विनेश फोगाट ने कौन सा मेडल जीता है?

क. गोल्ड मेडल

ख. सिल्वर मेडल

ग. ब्रोंज मेडल

घ. गोल्ड और सिल्वर दोनों

डेन कोलोव-निकोला पेट्रोव इंटरनेशनल मीट में भारतीय महिला रेसलर विनेश फोगाट ने भारत के लिए सिल्वर मेडल जीता है. वे फाइनल मुकाबले में चीन की कियानयू पंग ने 2-1 से हार गयी.

SarkariExam.Com

Q4. भारतीय मूल की मेधा नारवेकर को कौन सी यूनिवर्सिटी की उपाध्यक्ष और सचिव नियुक्त किया गया है?

क. पेसिंलवेनिया यूनिवर्सिटी

ख. वाशिंगटन यूनिवर्सिटी

ग. लन्दन यूनिवर्सिटी

घ. फिलिप्स यूनिवर्सिटी

भारतीय मूल की मेधा नारवेकर को हाल ही में अमेरिका की पेसिंलवेनिया यूनिवर्सिटी की उपाध्यक्ष और सचिव नियुक्त किया गया है. वे 1 जुलाई से अपना पद भार संभालेंगी. वे पिछले 32 वर्ष से पेसिंलवेनिया यूनिवर्सिटी में कार्यरत है.

Q5. दिल्ली के धौलाकुआं मेट्रो स्टेशन के पास बनाये गये फ्लाईओवर का हाल ही में किसने उद्घाटन किया है?

क. नरेन्द्र मोदी

ख. नितिन गडकरी

ग. अरविन्द केजरीवाल

घ. राजनाथ सिंह

भारत की राजधानी दिल्ली के धौलाकुआं मेट्रो स्टेशन के पास बनाये गये फ्लाईओवर का हाल ही में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया है. इस फ्लाइओवर से कनॉट प्लेस की तरफ से एयरपोर्ट जाने वाले लोगों की दिक्कत कम हो जाएगी.

SarkariExam.Com

Q6. पश्चिम बंगाल सरकार ने कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त ______ को आर्थिक अपराध राज्य निदेशालय और एसटीएफ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है?

क. राजीव कुमार

ख. राजीव शुक्ला

ग. संदीप शर्मा

घ. रविन्द्र शर्मा

पश्चिम बंगाल सरकार ने हाल ही में कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त राजीव कुमार को आर्थिक अपराध राज्य निदेशालय और एसटीएफ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है. राजीव कुमार ने हाल ही में पुलिस आयुक्त का अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद सीआइडी प्रमुख का पद संभाला है.

Q7. किस राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 22 जिलों में 4106 करोड़ के 211 प्रोजेक्ट का शिलान्यास व उद्घाटन किया है?

क. पंजाब

ख. हरियाणा

ग. यूपी

घ. बिहार

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हाल ही में हरियाणा के 22 जिलों में 4106 करोड़ के 211 प्रोजेक्ट का शिलान्यास व उद्घाटन किया है. मुख्यमंत्री ने हिसार में 27.70 करोड़ की नंदीशाला, रोहतक के निदाना में 33केवी सब स्टेशन और नया प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया है

SarkariExam.Com

Q8. टीम इंडिया के किस पूर्व क्रिकेटर खिलाडी को हाल ही में फिर से आईसीसी क्रिकेट समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?

क. राहुल द्रविड़

ख. वी.वी.एस लक्ष्मण

ग. अनिल कुंबले

घ. हर्षा भोगले

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर और महान स्पिनर अनिल कुंबले को एक बार तीन वर्ष के लिए आईसीसी क्रिकेट समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. अनिल कुंबले को इससे पहले 2012 में आईसीसी क्रिकेट समिति का सदस्य बनाया गया था.

Q9. जींस डाइंग की अवैध इकाइयों पर कार्रवाई करने में असफल रही डीपीसीसी पर किसने 5 लाख का जुर्माना लगाया है?

क. सुप्रीमकोर्ट

ख. हाईकोर्ट

ग. एनजीटी

घ. निति आयोग

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने हाल ही में जींस डाइंग की अवैध इकाइयों पर कार्रवाई करने में असफल रही दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) पर 5

SarkariExam.Com

लाख का जुर्माना लगाया है. यह अवैध इकाइयों दिल्ली के सरिता विहार, आली विहार और भीम कॉलोनी में चल रही हैं.

Q10. कन्या सुमंगला योजना के तहत किस राज्य सरकार ने 1 अप्रैल से पैदा होने वाली बेटियों को स्नातक में दाखिला लेने तक 15000 रुपये की धनराशि देने का फैसला किया है?

क. दिल्ली सरकार

ख. युपी सरकार

ग. केरल सरकार

घ. पंजाब सरकार

युपी (उत्तर प्रदेश) सरकार ने हाल ही में कन्या सुमंगला योजना के तहत 1 अप्रैल से पैदा होने वाली बेटियों को स्नातक में दाखिला लेने तक 15000 रुपये की धनराशि देने का फैसला किया है. यह राशि बेटियों के नाम से खोले जाने वाले बैंक खाते में भेजी जाएगी.

Q11. हाल ही में कौन से बैंक ने क्रेडिट कार्ड पर लेट पेमेंट चार्ज बढ़ाने का ऐलान किया है?

क. बैंक ऑफ़ बड़ोदा

ख. यस बैंक

ग. केनरा बैंक

घ. एचडीएफसी बैंक

SarkariExam.com

प्राइवेट सेक्टर के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक ने हाल ही में क्रेडिट कार्ड पर लेट पेमेंट चार्ज बढ़ाने का ऐलान किया है. यह नए चार्ज 1 अप्रैल, 2019 से लागू किये जायेंगे.

Q12. भारत सरकार और किसने मुंबई मेट्रो रेल परियोजना के लिए ऋण समझौता किया है?

क. निति आयोग

ग. एचआरडी

ग. एडीबी

घ. आरबीआई

भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मुंबई मेट्रो रेल परियोजना के लिए 926 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किये है. इसे समझोते से लाखों यात्रियों को लाभ मिलेगा और शहर स्वच्छ होगा. साथ ही मुंबई जैसे शहर में भीड़-भाड़ कम करने में मदद मिलेगी.

Q13. 3 वर्षों के लिए हाल ही में किसने यस बैंक के एमडी और सीईओ का पद संभाला है?

क. संदीप शर्मा

ख. सुदीप त्यागी

ग. राना कपूर

घ. रवनीत गिल

SarkariExam.Com

हाल ही ने रवनीत गिल ने 3 वर्षों के लिए राना कपूर की जगह यस बैंक के एमडी और सीईओ का पद संभाला है. उनके कार्यकाल को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 3 वर्षों के लिए मंजूरी दे दी है. वे 1 मार्च 2019 से 28 फरवरी 2022 तक इस पद पर रहेंगे.

Q14. निम्न में से किसने हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, मालदीव और बहरीन देश के विदेश मंत्रियों से द्विपक्षीय वार्ता की है?

क. नरेन्द्र मोदी

ख. अरुण जेटली

ग. सुषमा स्वराज

घ. रामनाथ कोविंद

भारत की विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, मालदीव और बहरीन देश के विदेश मंत्रियों से द्विपक्षीय वार्ता की और क्षेत्रीय स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया है.

Q15. पूर्व सांसद _____ को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य नियुक्त किया गया है?

क. उमेश अग्रवाल

ख. सुधा यादव

ग. सुमिता चन्द्र

घ. सुमन तिवारी

SarkariExam.Com

पूर्व सांसद सुधा यादव को हाल ही में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य नियुक्त किया गया है और राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग में पहली बार किसी महिला को सदस्य नियुक्त किया गया है. इस अवसर पर गुड़गांव के विधायक उमेश अग्रवाल ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी

Q16. हाल ही में कौन सी क्रिकेट टीम टेस्ट में एक पारी में 700 से ज्यादा रन बनाने वाली 7वीं टीम बन गयी है?

क. बांग्लादेश क्रिकेट टीम

ख. भारतीय क्रिकेट टीम

ग. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम

घ. न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम हाल ही में टेस्ट में एक पारी में 700 से ज्यादा रन बनाने वाली 7वीं टीम बन गयी है. न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम का यह टेस्ट में सबसे अधिक स्कोर है. न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच में एक पारी में 6 विकेट पर 715 बनाकर पारी घोषित की है.

Q17. देश को सॉफ्टवेयर उत्पाद विकास का प्रमुख केंद्र बनाने के उद्देश्य से किसने राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर उत्पाद नीति को मंजूरी दे दी है?

क. केंद्रीय मंत्रिमंडल

ख. सुप्रीमकोर्ट

ग. हाईकोर्ट

SarkariExam.Com

घ. निति आयोग

देश को सॉफ्टवेयर उत्पाद विकास का प्रमुख केंद्र बनाने के उद्देश्य से हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर उत्पाद नीति को मंजूरी दे दी है. केंद्र सरकार ने कहा है की राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर उत्पाद नीति से वर्ष 2025 तक 65 लाख नौकरियों का सृजन होगा.

Q18. किस देश ने दुनिया की पहली लेटी हुई गगनचुंबी इमारत बनायीं है जिसकी लागत 27 हजार करोड़ रुपये है?

क. अमेरिका

ख. चीन

ग. ऑस्ट्रेलिया

घ. फ्रांस

चीन ने हाल ही में दुनिया की पहली लेटी हुई गगनचुंबी इमारत बनायीं है जिसकी लागत 27 हजार करोड़ रुपये है. इस इमारत को 4 बिल्डिंगों के ऊपर बनाया गया है. चीन के इस प्रोजेक्ट का नाम चोंगकिंग है

Q19. पूर्व केंद्रीय मंत्री ________ का हाल ही में लंबे समय से बीमार होने की वजह से मंगलुरू में निधन हो गया है?

क. संदीप कुमार

ख. वी धनंजय कुमार

ग. सुदीप शर्मा

SarkariExam.Com

घ. विजय त्रिपाठी

पूर्व केंद्रीय मंत्री वी धनंजय कुमार का हाल ही में लंबे समय से बीमार होने की वजह से मंगलुरू में निधन हो गया है वे 1996 में नागरिक उड्डयन और पर्यटन मंत्री, 1999-2000 में एनडीए के शासन में वो केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और 2000-2003 तक केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री भी थे.

Q20. आईएएएफ के द्वारा जारी की गयी वर्ल्ड रैंकिंग में कौन सा भारतीय एथलीट टॉप-10 में शामिल होने वाला एकमात्र भारतीय हैं?

क. दुति चन्द्र

ख. नीरज चोपड़ा

ग. हिमा दास

घ. लोगनाथन सुरिया

इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन (आईएएएफ) के द्वारा जारी की गयी वर्ल्ड रैंकिंग में भारतीय एथलीट जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा टॉप-10 में शामिल होने वाले एकमात्र भारतीय हैं. इस रैंकिंग में जर्मनी के आंद्रेस होफमेन को पहला और थॉमस रोहलर को दूसरा स्थान मिला है.

SarkariExam.Com